मेरे दिल में श्याम समा गये

मिली सांवरियां से जो नजरे आये फिर कुछ नजर,
देख लिया मैंने सारा जमाना उस जैसा दिलबर ही नहीं,
मेरे दिल में श्याम समा गये अपनी ही कुछ खबर नहीं,
मिली सांवरियां से जो नजरे आये फिर कुछ नजर,

हारे का है तू ही सहारा श्याम धनी मेरा खाटू वाला,
मोरछड़ी जा खीरे प्यारी सेठ संवारा मतवाला,
तेरे जैसा जग में सँवारे आये कोई नजर नहीं,
मेरे दिल में श्याम समा गये अपनी ही कुछ खबर नहीं,
मिली सांवरियां से जो नजरे आये फिर कुछ नजर,

एसो रंग चढ़े मोहपे यहाँ भी देखु श्याम दिखे,
नीले वालो लखदातारी खाटू वारो धाम दिखे,
ऐसी मस्ती चढ़ी रे श्याम की दूजी कोई डगर नहीं ,
मेरे दिल में श्याम समा गये अपनी ही कुछ खबर नहीं,
मिली सांवरियां से जो नजरे आये फिर कुछ नजर,

दुनिया वाले ताने मारे पागल पागल कहते है,
मेरे नैना श्याम खुमारी में ही खोये रहते है,
बेशक दुश्मन बने ज़माना मुझपे कोई असर नहीं,
मेरे दिल में श्याम समा गये अपनी ही कुछ खबर नहीं,
मिली सांवरियां से जो नजरे आये फिर कुछ नजर,

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/15179/title/mere-dil-me-shyam-sma-gaye

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |